न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– **विकास मोहन भाटी, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **52/2021**　　　　　दायर दिनाँक **03.03.2021**

वादी

1. सोनूराम मेघवाल पुत्र प्रकाशचन्द जाति मेघवाल निवासी निम्बीखुर्द तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0।

बनाम्

प्रतिवादीगण

1. लालुराम पुत्र किशनाराम
2. मीठुराम पुत्र मूलाराम
3. ताजू पुत्री मूलाराम
4. भोलूराम पुत्र मूलाराम
5. भंवरी पुत्री मूलाराम समस्त जाति बावरी निवासीगण निम्बी खुर्द, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0
6. ग्यारसी पत्नि अमरचन्द
7. कृष्ण धरटिया पुत्र झंवरीलाल समस्त जाति मेघवाल निवासीगण निम्बी खुर्द तहसील डीउवाना जिला नागौर राज0
8. तहसीलदार डीडवाना।

दावा बाबत्
बंटवाड़ा, घोषणा खातेदारी, व स्थाई निषेधाज्ञा
अन्तर्गत धारा– 53, 88, 188 R.T.Act.

उपस्थितः–

1. श्री हरफुलराव वकील वादी।

–:: अंतिम निर्णय ::–

दिनाँक **11.06.2025**

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकारं है कि यह है कि राजस्व ग्राम निम्बीखुर्द पटवार हल्का निम्बी कलां के खेत खाता संख्या 25 खेत खसरा संख्या 187 रकबा 2.87 है. भूमि में वादीगण व प्रतिवादीगण के मध्य विभाजन प्रस्तावित करने बाबत् दिनाँक **08.08.2023** को प्राथमिक डिक्री जारी की जाकर तहसीलदार डीडवाना को निर्देश दिया गया। प्राथमिक डिक्री जारी किये जाने के पश्चात वादी अधिवक्ता ने आदेश 01 नियम 10 सिविल प्रकिया संहिता के तहत दिनांक 10.07.2024 को प्रार्थना पत्र पेश कर वादी झूमरराम पुत्र सोनाथराम कौम बावरी के स्थान पर सोनूराम मेघवाल पुत्र प्रकाशचन्द जाति मेघवाल निवासी निम्बीखुर्द को प्रतिस्थापित किये जाने का निवेदन किया। प्रार्थना पत्र को दिनांक 27.11.2024 को स्वीकार किया जाकर वादी झूमरराम पुत्र सोनाथराम कौम बावरी के स्थान पर सोनूराम मेघवाल पुत्र प्रकाशचन्द जाति मेघवाल निवासी निम्बीखुर्द को प्रतिस्थापित किया गया।

तहसीलदार डीडवाना ने अपने पत्रांकः रीडर/2024/85 दिनाँक 07.02.2024 के द्वारा विभाजन प्रस्तावित किया। तह[illegible] पर बहस पक्षकारान् सुनी गयी जिसमें पक्षकारान बंटवारा प्रस्[illegible]सार [illegible]जन करवाने हेतु सहमत हैं। बंटवारा प्रस्तावित करने में तहसीलदार डीडवाना [illegible] प्राधिकारी है। अतः

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Mohan Bhati
Date: 2026.04.09 14:59:44 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
डीडवाना

Scanned with OKEN Scanner

तहसीलदार डीडवाना के द्वारा प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव जरिये पत्रांकः रीडर /2025/85 दिनाँक 07.02.2024 को स्वीकार कर, हस्तगत वाद अंतिम डिक्री सादिर किया जाता है तथा आदेश दिया जाता है कि :–

–:: आदेश ::–

राजस्व ग्राम निम्बीखुर्द पटवार हल्का निम्बी कलां के खेत खाता संख्या 25 खेत खसरा संख्या 187 रकबा 2.87 है. भूमि का वादीगण व प्रतिवादीगण के मध्य घोषणा खातेदारी व बंटवारा कर, इनकी वर्तमान खातेदारी के स्थान पर, तहसीलदार डीडवाना से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव जरिये पत्रांकः रीडर /2025/85 दिनाँक 07.02.2024 में वर्णितानुसार भूमि का (वादी झुमरराम पुत्र सोनाथराम कौम बावरी के स्थान पर वादी सोनूराम मेघवाल पुत्र प्रकाशचन्द जाति मेघवाल निवासी निम्बीखुर्द को प्रतिस्थापित किये जाने के उपरान्त) पक्षकारान् को स्वतन्त्र खातेदार काश्तकार घोषित किया जाकर खाता विभाजन करने के आदेश दिए जाते है।

तहसीलदार डीडवाना का विभाजन प्रस्ताव जरिये पत्रांकः रीडर /2025/85 दिनाँक 07.02.2024 निर्णय एवं डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा। तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

(विकास मोहन भाटी, R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी
सहायक कलक्टर
डीडवाना
डीडवाना

निर्णय आज दिनाँक **11.06.2025** को सरे इजलास में सुनाया गया।

(विकास मोहन भाटी, R.A.S.)
सहायक कलक्टर
डीडवाना

उपखण्ड अधिकारी
डीडवाना

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Mohan Bhati
Date: 2026.04.09 14:59:44 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner